**समस्या** — प्रशासन द्वारा कागजी घोड़े दौडाये जाने के साथ बड़ी बड़ी हियादतें दी जा रही है

# जल संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयासों की जरूरत

**नवभारत/नरसिंहपुर/ तेंदूखेड़ा।** एक तरफ जहां जल संरक्षण की दिशा में तरह तरह के प्रयास किए जाते रहे हैं। गर्मी आते ही जल संरचनाओं को सहेजने और संरक्षण पानी रोको जैसे अभियान चलाये जाने के साथ प्रशासन द्वारा कागजी घोड़े दौडाये जाने के साथ बड़ी बड़ी हियादतें दी जाने लगती हैं और गर्मी निकलते ही वही ढाक के तीन पात वाली कहावत चरितार्थ होने लगती है। धरातल पर पानी कहीं नहीं दिख रहा है। गर्मी आते ही नदियां सूखने की स्थिति में आ गई है। जिन नदियों में पानी बचा है उनमें विद्युत मोटर पाइपों के माध्यम से खेतों में सिंचाई जारी है।

जिस कारण से नदियां सूखने से आसपास के हैंडपंपो ट्यूबबेलों का जमीनी जल स्तर काफी नीचे पहुंचने लगा है। समय रहते समुचित प्रयास नहीं किए गए तो नदियों में पानी भी नहीं बचेगा। मवेशियों को भी पीने पानी नहीं मिल पाएगा। तेंदूखेड़ा के अंतर्गत आने वाले ग्राम खमरिया बरांझ नदी भी अब सूखने लगी हैं। वहीं गुटोरी के समीप पाड़ाझिर नदी पर वर्षों पूर्व बने स्टॉप डैम पर गेट न होने



## गंगई टेकापार के बीच वर्ष भर रहता है पानी

नर्मदा उत्तराखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम गंगई और टेकापार के बीच बहने वाली बरांझ नदी जिसमें वर्षभर पानी बहता है यदि इस नदी पर दो तीन स्थानों पर स्टाप डेम बन जाते हैं तो गंगई और टेकापार के बाजू से लगे विभिन्न ग्रामों के किसानों को लाभ मिलेगा।पूर्व में भी इस संबंध में लिखित ज्ञापन भी सौपा गया था ।लेकिन अभी तक उचित निराकरण भी नहीं हो पाया हैं ।कृषकों ने स्टाप डेम बनाये जाने की मांग की है।

तथा नदी का कटाव हो जाने के कारण बरसाती पानी बह जाता है। ऐसी स्थिति में नदी में पानी नहीं बच रहा है। समीपी ग्राम इमझिरा नदी का लगातार कटाव होने के कारण पाट काफी चौड़ा होता चला जा रहा है। क्षेत्र के कृषकों का कहना है कि बिजली की समस्या के चलते ट्यूबबेलों के माध्यम से पानी को लेकर काफी परेशानी होती रही है यहां तक की मवेशियों को पानी पिलाने के लिए भी परेशान होना पड़ता था। उक्त नदी पर स्टाप डेम बन जाता है तो काफी लाभ क्षेत्रीय किसानों को मिलता । गौरतलब रहे कि इमझिरा के समीप खमरिया सहित विभिन्न स्थानों पर बरांझ नदी पर स्टाप डेम बनाये जाने की मांग लम्बे समय से जारी है। क्षेत्रीय जन प्रतिनिधियों ने पूर्व में भी योजना समिति की बैठक में मांग रखी थी ।बरांझ नदी पर स्टाप डेम बनाये जाने को लेकर क्षेत्रीय लोगों द्वारा समय-समय पर मांग की जाती रही है ।ठंड के मौसम में ही जलस्त्रोत जबाब देने लगते हैं।

प्रमुखता से रखी थी। ग्रामीणों का कहना है कि ग्रामीणों क्षेत्रों गुजरने वाली विभिन्न क्षेत्रीय नदियों पर स्टाप डेम बनाया जाना काफी लाभकारी सिद्ध होगें । बशर्ते उन्हें बनाये जाने की पहल होना जरूरी है। संबंधित विभाग यदि इस दिशा में कोई ठोस पहल करे तो भी कुछ हद तक खेतों को पानी के साथ टयूबबेल के गड्ढों और घरेलू हैंडपंपों कुओं में पर्याप्त पानी रह सकता है। एक तरफ पानी की समस्या को लेकर आये दिन परेशानी का आलम देखा जाता है । ऐसे समय में छोटे-छोटे स्टाप डेम से किया गया जल संरक्षण लोगों के लिए काफी लाभकारी सिद्ध होगा।

### तालाबों का नहीं हो रहा रखरखाव

तालाबों के संरक्षण तथा जमीनी जलस्तर बढ़ाये जाने की दिशा में ग्रामीण क्षेत्रों में तालाबों का उचित तरीके से रखरखाव न होने तथा उनमें कचरा डाले जाने वे नष्ट हो रहे हैं। इन्हें बचाने के लिए नागरिक और जिम्मेदार दोनों बेखबर हैं। तथा विभिन्न योजनाओं के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में तालाब निर्माण के लिए भारी भरकम कागजों में तो खूब निकाली गई लेकिन धरातल पर आज एक भी तालाब नहीं बचा है और ना ही कहीं पानी देखने मिल रहा है। **नदी पुर्नजीवित योजना ठंडे बस्ते में:** पूर्व में जल संरक्षण की दिशा में नदी पुर्नजीवित योजना को लेकर चांवरपाठा विकास खंड के अंतर्गत विभिन्न नदियों का सर्वे कराया गया था। और बरांझ नदी को इस योजना के तहत काम करने अधोसंरचना भी बनाये जाने के आश्वासन जिले के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दिये गये थे। लेकिन आज तक इस दिशा में कोई उचित पहल नहीं दिख रही है।

# हर्षोल्लास से साहू समाज ने मनाई मां कर्मा देवी जयंती

**नवभारत/गाडरवारा।** साहू समाज द्वारा आराध्य देवी भक्त शिरोमणि माता कर्मा देवी की जयंती हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर नगर के विभिन्न स्थानों पर पूजा-अर्चना, वाहन रैली, सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में एकता, शिक्षा और माता कर्मा देवी के आदर्शों का प्रसार करना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः झंडा चौक पर माता कर्मा देवी के तैलचित्र के समक्ष पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। इसके पश्चात साहू युवा संगठन द्वारा भव्य वाहन रैली निकाली गई, जो नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए सुखदेव भवन पहुँची। यहाँ श्रद्धालुओं के बीच माँ कर्मा की खिचड़ी प्रसादी का वितरण किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ जयंती उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर समाज के लोगों ने माता कर्मा के जीवन से प्रेरणा लेते हुए समाज को संगठित करने तथा अपनी संस्कृति को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।



### धार्मिक महत्व

माता कर्मा को साहू समाज की आराध्य देवी माना जाता है। जनश्रुति के अनुसार उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण को खिचड़ी का भोग लगाया था। सेवा, त्याग, भक्ति और समर्पण का उनका जीवन साहू समाज के लिए प्रेरणास्रोत माना जाता है। माना जाता है कि संवत् 1073 (1017 ई.) पापमोचनी एकादशी के दिन उनका जन्म हुआ था और तब से उनकी गौरवगाथा जन-जन में श्रद्धा के साथ स्मरण की जाती है।

### मुख्य अतिथि एवं कार्यक्रम

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक एवं स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री राव उदयप्रताप सिंह उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में नगरपालिका परिषद गाडरवारा के अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा, पूर्व विधायक नरेश पाठक, पूर्व विधायक सुनीता पटैल तथा भाजपा के प्रादेशिक सदस्य मिनेन्द्र डागा सहित अनेक गणमान्य नागरिक मंचासीन रहे। साहू समाज के पदाधिकारियों द्वारा समाज भवन की मांग रखी गई, जिस पर मुख्य अतिथि राव उदयप्रताप सिंह ने साहू समाज मंगल भवन के लिए 15 लाख रुपये की घोषणा की।

### सम्मान एवं समापन

कार्यक्रम के दौरान मंचासीन अतिथियों एवं साईं सेवा समिति के सदस्यों का साल-श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। शाम को झंडा चौक पर मुख्य पूजन, हवन और आरती का आयोजन किया गया, जिसके बाद सुखदेव भवन में युवक-युवती परिचय सम्मेलन और भोजन प्रसादी का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर समाज अध्यक्ष गेंदालाल साहू, उपाध्यक्ष राजेंद्र साहू, सचिव रमेश साहू, कोषाध्यक्ष हेमराज साहू सहित साहू समाज के पदाधिकारी, माँ कर्मा महिला मंडल, साहू युवा संगठन तथा समाज के बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।



# सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा

**नवभारत/ करेली।** नगर के सुप्रतिष्ठित काबरा परिवार द्वारा आयोजित सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के अंतर्गत सुप्रसिद्ध भागवत कथा प्रवक्ता, भागवतोपाषक पं.श्री रामनाथ जी शास्त्री तेंदूखेड़ा द्वारा भागवत कथा के विविध प्रसंगों की अत्यंत सूक्ष्मता से व्याख्या की जा रही है। कथा के पंचम दिवस भगवान श्री कृष्ण के जन्म, प्राकट्य की अत्यंत आनंदमय व्याख्या की। प्रारंभ में आयोजन शैलेष काबरा, अभिषेक काबरा व परिवार ने व्यास पूजन किया। कथा में सुधि श्रोतागण धर्म प्रवाहना, सत्संग का लाभ प्राप्त कर रहे हैं। कथा की संपन्नता बुधवार 18 मार्च को होगी।

# बेटियों की शिक्षा एवं सम्मान को समर्पित रहेंगे जवारे

**नवभारत/ गाडरवारा।** निष्काम भाव और परमार्थ के उद्देश्य से किए जाने वाले धार्मिक कार्यों में स्वयं ही दिव्यता जुड़ जाती है। इसी भावना के साथ कौड़िया रोड स्थित माँ बीजासेन दरबार में 19 मार्च से चैत्र महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन इस वर्ष अपने 23वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। आयोजन के संबंध में समाजसेवी मुकेश बसेड़िया ने जानकारी देते हुए बताया कि महोत्सव में गुरुदेव भगवत प्रसाद शास्त्री के सानिध्य में उनके परिवार द्वारा जवारे स्थापना तथा श्री दादा धूनी वालों की दिव्य कुटी की स्थापना की जाएगी। आयोजन के दौरान प्रतिदिन कन्या पूजन, भंडारा तथा कन्याओं को पठन-लेखन सामग्री, शिक्षण सामग्री, वस्त्र एवं



### महोत्सव के अंतर्गत कार्यक्रम इस प्रकार रहेंगे

- 19 मार्च ङ्क चैत्र प्रतिपदा पर बैठकी एवं जवारे स्थापना
- चैत्र शुक्ल पंचमी ङ्क चंदेवा समर्पण एवं महाखीर भोग
- महाष्टमी ङ्क महानिशा पूजन, हवन एवं कन्या भंडारा
- नवमी ङ्क जवारे विसर्जन

श्रृंगार सामग्री भेंट कर उनका सम्मान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रतिवर्ष की तरह इस बार भी सलकनपुर धाम से माँ विजयासन को आमंत्रित कर श्रीफल में चोले रूप लाकर स्थापना की जाएगी, जो इस आयोजन की विशेष परंपरा है। आयोजन के दौरान प्रतिदिन शाम 7 बजे हवन तथा रात 8 बजे महाआरती का आयोजन किया जाएगा। विशेष बात यह है कि इस वर्ष जवारे बेटियों की शिक्षा एवं सम्मान को समर्पित रहेंगे। उल्लेखनीय है कि यह धार्मिक आयोजन पूर्व में ग्राम पूरेना रंधीर में लगातार 21 वर्षों तक आयोजित होता रहा है, जबकि विगत वर्ष से यह आयोजन माँ बीजासेन दरबार, गाडरवारा में आयोजित किया जा रहा है। आयोजन समिति ने क्षेत्र के समस्त श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्मलाभ लेने की अपील की है।

# डॉ . पारुल मेहरा को दो गोल्ड मेडल से किया गया सम्मानित

**नवभारत/गाडरवारा** । महाराष्ट्र शासन द्वारा आयोजित 39वें पदवी प्रदान समागम में मुख्यमंत्री Devendra Fadnavis तथा राज्यपाल Jishnu Dev Varma के करकमलों से डॉ. पारुल मेहरा को एग्रीकल्चर विषय में पीएचडी पूर्ण करने के उपरांत सम्मानित किया गया। इस अवसर पर हॉर्टिकल्चर फूड एवं हॉर्टिकल्चर विषय में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर उन्हें दो गोल्ड मेडल प्रदान किए गए। यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। वर्तमान में डॉ. पारुल मेहरा एग्रीकल्चर कॉलेज गढ़ाकोटा में संविदा प्रोफेसर के पद पर अपनी सेवाएं दे रही हैं। उनकी



इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर गोपाल मेहरा (एडवोकेट), गाडरवारा सहित सभी शुभचिंतकों ने उन्हें उज्ज्वल भविष्य की हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं।

## एक नजर में



### राज्य शिक्षक संघ की जिला स्तरीय बैठक आयोजित

**नवभारत/ तेंदूखेड़ा।** विगत दिवस राज्य शिक्षक संघ मध्यप्रदेश के प्रदेशाध्यक्ष जगदीश यादव के आह्वान पर शिक्षक पात्रता परीक्षा से संबंधित मुद्दे एवं नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता सहित प्रमुख मुद्दों को लेकर जिलाध्यक्ष अजीत जाट के नेतृत्व में राज्य शिक्षक संघ जिला इकाई नरसिंहपुर की जिला स्तरीय बैठक संपन्न हुई। उक्त अवसर पर माननीय सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार डी पी आई द्वारा जारी शिक्षक पात्रता परीक्षा टी ई टी संबंधी आदेश अनुसार प्रदेश में टी ई टी को लेकर चल रही स्थिति एवं सरकार की नीति सेवारत शिक्षकों पर टी ई टी लागू करने के विषय में विचार विमर्श पूर्व में नियुक्त शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया तथा शिक्षकों के साथ हो रही कथित दोहरी नीति की समीक्षा कर कानूनी पहल पर निर्णय आवश्यकता पड़ने पर माननीय उच्च न्यायालय सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दायर करने का निर्णय लिया गया। बैठक में उपस्थित संघ के प्रदेश जिला ब्लॉक तहसील पदाधिकारियों व शिक्षकों ने एकजुट होकर टी ई टी का पुरजोर विरोध करते हुए उक्त मुद्दों को लेकर शासन एवं माननीय न्यायालय के समक्ष अपना पक्ष रखने का निर्णय लिया।

### कलेक्टर के निर्देश पर राजस्व विभाग ने हटाया अवैध कब्जा

**नवभारत/ नरसिंहपुर।** कलेक्टर रजनी सिंह के निर्देशन में जिले की तेंदूखेड़ा तहसील अंतर्गत आने वाले ग्राम बरेली में राजस्व विभाग द्वारा आवेदक श्री लोकेंद्र गौंड की भूमि खसरा क्रमांक 46/38 रकबा 1.215 हेक्टर से अवैध कब्जा हटाकर विधिवत कब्जा सौंपने की कार्यवाही की गई। इस दौरान राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर अवैध कब्जा हटवाया और भूमि का विधिवत कब्जा आवेदक को दिलाया। कार्यवाही के दौरान प्रभारी तहसीलदार श्री निर्मल पटले के साथ पटवारी श्री राघवेंद्र ठाकुर, श्री सुरेंद्र विश्वकर्मा, ग्राम कोटवार तथा होमगार्ड के श्री रामशंकर गौतम मौजूद थे।

### जिला दंडाधिकारी ने जारी किया प्रतिबंधात्मक आदेश

**नवभारत/ नरसिंहपुर।** जिला दंडाधिकारी श्रीमती रजनी सिंह ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अंतर्गत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। जिला दंडाधिकारी के द्वारा जारी प्रतिबंधात्मक आदेश के मुताबिक जिले की भौगोलिक सीमा के भीतर उत्पादित समस्त प्रकार के पशु चारे यथा गेहूं का भूसा, क ?बी आदि का जिले की सीमा से बाहर विक्रय अथवा किसी भी माध्यम से परिवहन पूर्णत- प्रतिबंधित किया गया है। भूसा निर्माण के लिए उपयुक्त रीपर मशीन के संचालन में स्थानीय प्रशासन द्वारा निर्धारित दिशा- निर्देशों का अक्षरश- पालन अनिवार्य होगा, ताकि फसल अवशेषों (नरवाई) को जलाने की घटनाओं को पूर्णत- रोका जा सके। जारी आदेश के मुताबिक यदि किसी अपरिहार्य परिस्थिति में भूसे का जिले की सीमा से बाहर परिवहन आवश्यक हो, तो संबंधित अनुविभागीय राजस्व अधिकारी से विधिवत लिखित पूर्व अनुमति प्राप्त करना अनिवार्य होगा। इस आदेश का उल्लंघन करने वाले किसी भी व्यक्ति, संस्था अथवा वाहन स्वामी के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 एवं अन्य सुसंगत विधियों के अंतर्गत कठोर दंडात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

# हर्षोल्लास से मनाई कर्मा देवी जयंती

**नवभारत/ करेली।** नगर साहू समाज करेली द्वारा साहू समाज की आराध्या भक्त शिरोमणि मां कर्मा देवी की 1010वीं जयंती का महोत्सव स्थानीय अग्रवाल सभागार में आयोजित किया गया। जिसके अंतर्गत सर्वप्रथम प्रात: 10-30 बजे से वाहन रैली निकाल कर अग्रवाल सभागार से प्रारंभ कर नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए मां कर्मा देवी के जयकारे लगाते हुए अग्रवाल सभागार में समापन किया गया। तत्पश्चात 12-00 से पुजारी शिवचरण राजोरिया द्वारा विधिवत मंत्रोच्चार कर समाज के अध्यक्ष राजेश साहू, संरक्षक मोहनलाल, झलकन, चतुर्भुज, महेशचंद्र रमेश, मुकेश, जगन्नाथ, उपाध्यक्ष डॉ अनंत, प्रदीप, कैलाश सचिव राकेश ,सह सचिव सुनील, कोषाध्यक्ष बृजेश पीठिया सह कोषाध्यक्ष अजय, मीडिया प्रभारी दीपक, प्रचार सचिव परमलाल, भैयालाल, संतोष देवकीनंदन, सहित उपस्थित सामाजिक बंधुओ मातृशक्तियों द्वारा मां कर्मा देवी का दीप प्रज्वलित कर पूजन-अर्चन कर शुभारंभ किया गया। युवा अध्यक्ष अंकित पेठिया द्वारा मंच संचालन करते हुए सर्वप्रथम सांस्कृतिक कार्यक्रमों में वाणी म्यूजिकल ग्रुप के कलाकारों जिसमें शैलेश व्यास, करण जोगलेकर, अमृता, मुकेश ठाकुर, एवं सुनील तन्हा, ने मां एवं भगवान कृष्ण के गाये गीतों ने पूरे वातावरण को भक्तिमय कर दिया। इसके बाद समाज की उदित प्रतिभाओं ने अपनी कला का प्रदर्शन करते हुए नृत्य में पार्थ, परिधि, विवान, प्रगति, समृद्धि, एंजेल, नव्या, हास्य कविता में आरव एवं श्रीमती सुनीता साहू ने अपनी प्रस्तुति दी। पुरस्कार वितरण में गत दिवस आयोजित मेहंदी मैं क्रमश: संगीता, शिवानी, उमा, कलश में प्राची, प्रिया, शिवानी, रंगोली मैं नैंसी एवं सांत्वना पुरस्कार में ज्योति, विमला, पूजा, रिया, निशा, पिंकी, अंशिका, उर्वशी, खुशी, 10वीं 12वीं में उत्कृष्ट श्रेणी में उत्तीर्ण होने वाले छात्र-छात्राओं जिसमें 10वीं में क्रमश:दीपेश, सपना, ओम, अभिनव, जया, एवं 12वीं में पलक, वसुधा को पुरस्कार से सम्मानित किया गया। नरसिंहपुर से आमंत्रित अतिथि जिसमें मयंक साहू, डॉक्टर के एल साहू, ईश्वर दास साहू का गरिमामय स्वागत किया गया। मां कर्मा देवी के जीवन परिचय, एवं सामाजिक कुरीतियों पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को समाज को ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए मयंक मनोहर साहू, डॉक्टर के एल साहू, मोहनलाल साहू, राजेश साहू ने अपने विचार रखें। विशेष सहयोग देने पर सामाजिक बंधुओं का सम्मान किया गया जिसमें संतोष, मोहनलाल, राजेश, प्रदीप, रविशंकर, महेशचंद्र, अनंत, चतुर्भुज, झलकन, डॉ सुरेश । आभार प्रदर्शन समाज के अध्यक्ष राजेश साहू ने युवाओं एवं सभी सामाजिक सहयोगी जनों को शुभकामनाएं बधाई देते हुए।



# गौ माता को राज्य माता का दर्जा देने के लिए मप्र सरकार को 33 दिन का अल्टीमेटम

**नवभारत/ साईखेड़ा** (मध्य प्रदेश) 7 मध्य प्रदेश में गौ संरक्षण और सनातन आस्था को लेकर एक बड़ा आंदोलन आकार ले रहा है। गौ माता को राज्य माता का सम्मान दिलाने की मांग को लेकर पंडित अनुराग भार्गव ने मध्य प्रदेश शासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। सोमवार को साईखेड़ा में आयोजित एक सभा के दौरान उन्होंने प्रदेश सरकार को 33 दिनों का कड़ा अल्टीमेटम देते हुए स्पष्ट किया कि यदि सरकार निर्धारित समय में निर्णय नहीं लेती, तो राजधानी भोपाल में व्यापक स्तर पर आंदोलन किया जाएगा। भोपाल में धर्मयुद्ध की चेतावनी पंडित अनुराग भार्गव ने घोषणा की कि 33 दिनों की समय सीमा समाप्त होते ही भोपाल की सड़कों पर गौ प्रतिष्ठा धर्मयुद्ध का शंखनाद होगा। उन्होंने कहा, यह केवल एक मांग नहीं, बल्कि करोड़ों हिंदुओं की आस्था का प्रश्न है। यदि सरकार सकारात्मक कदम नहीं उठाती, तो प्रदेश भर के संत-महंत, गौ भक्त और धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधि भोपाल कूच करेंगे। गौ माता- आस्था और अर्थव्यवस्था का आधार पंडित भार्गव ने इस मांग के पीछे तर्क देते हुए कहा कि गौ माता भारतीय संस्कृति की धुरी हैं।

# मानेगांव, बरमान खुर्द और बरहटा में सेक्टर स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित

**नवभारत/ नरसिंहपुर।** मप्र जन अभियान परिषद नरसिंहपुर के मार्गदर्शन में जिले में मानेगांव, बरमानखुर्द, और बरहेट सेक्टर में ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों एवं नवांकुर सखियों के लिए सेक्टर स्तरीय क्षमता वर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों में समितियों की कार्यप्रणाली को सशक्त बनाने, दस्तावेजीकरण, एमआईएस फीडिंग तथा एमपीजेएपी एप्लीकेशन के उपयोग संबंधी जानकारी दी गई। विकासखंड करेली के अंतर्गत नवांकुर संस्था संघर्ष ग्रामीण एवं शहरी विकास समिति घूरपुर के तत्वाधान में मानेगांव में आयोजित प्रशिक्षण सह कार्यशाला में प्रस्फुटन समितियों के पदाधिकारियों एवं नवांकुर सखियों ने सहभागिता की। विकासखंड समन्वयक श्रीमती माधवी पाठक ने प्रशिक्षण के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला।

# ग्राम जनौर में श्री राम बजरंग समिति द्वारा श्री राम कथा

## श्री राम जानकी के अयोध्या आगमन का वर्णन करते हुए कहा कि अयोध्या को खूब सजाया गया

**नवभारत/ करेली।** ग्राम जनौर में श्री राम कथा में लीन हो गए श्रोता करेली समीपस्थ करेली ग्राम जनौर में श्री राम बजरंग समिति द्वारा श्री राम कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है पंडित गौरीशंकर दुबे द्वारा संगीतमय राम कथा में श्री राम जानकी के अयोध्या आगमन का वर्णन करते हुए कहा कि अयोध्या को खूब सजाया गया धार्मिक उत्सव में पैसों वालों को खूब खर्च करना चाहिए इससे लक्ष्मी जी आती हैं राम कथा भागवत कथा करने से धन की बढ़ोतरी होती है परिवार को अच्छे संस्कार मिलते हैं ईमानदारी से कमाया धन ही समाज की सेवा में लगता है परिवार सुखी रहेगा मन को शांति मिलेगी। अयोध्या में राम जानकी के आगमन पर राजा दशरथ ने अपनी तीनों पत्नियों को बुलाकर कहा की बहू को बेटी जैसा रखना है। कोई कष्ट ना हो कौशल्या ने कहा कि आंखों की



रक्षा के लिए पलके रहती हैं इस तरह बहू की रक्षा सुरक्षा आत्मीय प्यार भरपूर देंगे ।सास बहू के इस प्रेम को हिंदू समाज के नारियों को समझने की आवश्यकता है तभी परिवार में एकता और संगठित होने की भावना रहेगी राजा दशरथ ने जब आईना में अपना मुख देखा तो मुकुट के पास सफेद बाल देखे उन्हें आभास हो गया कि अब श्री राम का राज्याभिषेक करना जरूरी है उन्होंने मुनि वशिष्ठ को बुलाया और राज्याभिषेक का मुहूर्त निकलवाया, किंतु समय चक्र बदलता रहता है।

### धार्मिक कार्यक्रम

समाज व परिवार को सुखी रहना है तो संतो से सीखना चाहिए त्याग से ही मन शांत रहता है तभी भगवान के भजन में मन लगता है आरती भजन के साथ ही प्रसाद वितरण किया गया पंडित जी ने प्रसाद की व्याख्या करते हुए कहा कि प्र से प्रभु सा से साक्षात द से दर्शन होता है सभी को प्रसाद लेना ही चाहिए तभी धार्मिक कार्यक्रम की सफलता होगी श्री राम कथा को सुनने सर्व श्री उदय प्रताप जी मंत्री संतोष रघुवंशी पंडित आत्माराम जी रघुनाथ परिहर राम जी राजकुमार जी महावीर पटेल सुदेश परिहार राजेंद्र पटेल एवं समस्त ग्राम वासियों की उपस्थिति रही।

# ब्रज आईटीआई में हुआ ओपन कैम्पस प्लेसमेंट का आयोजन

**नवभारत/ गाडरवारा** । विगत दिवस ब्रज प्राइवेट आईटीआई में जॉब सही डॉट कॉम सतपुड़ा ग्रुप द्वारा एक 1 दिवसीय ओपन कैम्पस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। जिसमे टी.एस.पी.एल के एच आर मैनेजर श्री गुणसागर गायकवा और उनके सहयोगी अफरोज पठान द्वारा मेको ग्रुप, एग्रोफेन, हॉयर, फिपेट, हुंडई, एम.आर.एफ., जाबिल, फोर्स मोटर्स, एल.जी., ब्लू स्टार जे.सी.बी जैसी सुप्रसिद्ध कम्पनियों के लिये विशेष भर्ती की गई, जिसमें 80 छात्र छात्राएं उपस्थित हुये, इंटरव्यू के माध्यम से 35 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। डॉट काम जॉब सही सतपड़ा ग्रुप एवं ब्रज आई.टी.आई की ओर से चयनित सभी अभ्यर्थियों को उनके उज्जवल भविष्य की कामनाए की गई। प्लेसमेंट ड्राइव के संचालन मे संस्था के प्राचार्य पंकज बाथरे एवं प्लेसमेंट स्टॉफ से लोकेश साहू,



भागवत भदोरिया, प्रवेश चौधरी, अंकित जाटव एवं जॉब सही डॉट काम के टी.पी.ओ. एम. एफ. मंसूरी का सराहनीय योगदान रहा ।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं जरीना बानों पति शेख शमीम बेहना उम्र 37 वर्ष निवासी पावर, हाउस के सामने, महेन्द्र वार्ड करेली तहसील करेली जिला नरसिंहपुर म.प्र. यह घोषणा करती हूँ कि अपना नाम बदलकर जरीना बी कर लिया है। अब से मैं जरीना बी के नाम से जानी और पहचानी जाऊंगी।

जरीना बी